MPBOARDONLINE.COM

# बोर्ड प्रश्न-पत्र 2014

**प्रश्न 1. रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित शब्दों का चयन करके कीजिए—**

1. योगी अरविन्द के गुरु का नाम ................ था। (रामानंद / ब्रह्मानंद)
2. 'सूखी डाली' एकांकी ................ पृष्ठभूमि पर लिखी गई है। (पारिवारिक / सामाजिक)
3. तुलसीदास द्वारा रचित महाकाव्य ................ है। (रामचरितमानस / विनयपत्रिका)
4. दुष्यंत कुमार की प्रसिद्ध रचना ................ है। (मानसी / साये में धूप)
5. उन्नति शब्द का विलोम ................ है। (अनुचित / अवनति)

**उत्तर—** 1. ब्रह्मानंद, 2. पारिवारिक, 3. रामचरितमानस, 4. साये में धूप, 5. अवनति।

**प्रश्न 2. सही विकल्प का चयन कीजिए—**

**1. 'कर्मवीर' कविता के रचनाकार हैं—**
(a) रामनरेश त्रिपाठी (b) प्रेम भारती
(c) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' (d) उषा वर्मा।

**2. पर्यायवाची शब्द को कहते हैं—**
(a) एकार्थी (b) अनेकार्थी
(c) समानार्थी (d) विलोमार्थी।

**3. पूर्व और नूतन का जहाँ मेल होता है, वहीं—**
(a) ऋग्वेद का आधार है (b) अग्नि की उपासना है
(c) संस्कृति की उपजाऊ भूमि है (d) बाबा वाक्यं प्रमाण है।

**4. 'राजपुत्र' में समास है—**
(a) द्वन्द्व (b) द्विगु
MPBOARDONLINE.COM
(c) तत्पुरुष (d) कर्मधारय।

**5. निबंध रचना का प्रारम्भ माना जाता है—**
(a) भारतेन्दु युग (b) शुक्ल युग
(c) द्विवेदी युग (d) शुक्लोत्तर युग।

**उत्तर—** 1. (c), 2. (c), 3. (c), 4. (c), 5. (a).

**प्रश्न 3. सत्य / असत्य का चयन कीजिए—**

1. देशज शब्द को आगत शब्द भी कहते हैं।
2. लोकोक्तियाँ पूर्ण वाक्य होती हैं।
3. हँसने से जल्दी थकान हो जाती है।
4. समास के तीन भेद होते हैं।
5. गोपाल मगध का सेनापति था।

**उत्तर—** 1. असत्य, 2. असत्य, 3. असत्य, 4. असत्य, 5. सत्य।

**प्रश्न 4. सही जोड़ी बनाइये—**

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| 1. 'जो पीड़ा को दुलार सकता' | (a) भारत के दो छोर |
| 2. कन्याकुमारी और हिमालय | (b) बरखा गीत |
| 3. शबरी प्रसंग | (c) कृतज्ञ |
| 4. उपकार मानने वाला | (d) तुम वही दीपक बनोगे |
| 5. 'वायुमण्डल है विषैला' | (e) डॉ. प्रेम भारती। |

**उत्तर—** 1. (b), 2. (a), 3. (e), 4. (c), 5. (d).

MPBOARDONLINE.COM

**प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों में प्रत्येक का उत्तर एक वाक्य में दीजिए—**

1. उज्जयिनी किस प्रदेश में है ?
2. अर्थ के आधार पर वाक्य के कितने प्रकार होते हैं ?
3. स्वभाव से साधु कौन होते हैं ?
4. मीरा के प्रभु कौन हैं ? MPBOARDONLINE.COM
5. 'जाके प्रिय न राम बैदेहि' पंक्ति के रचनाकार कौन हैं ?

उत्तर— 1. मध्य प्रदेश में, 2. आठ प्रकार, 3. किसान एवं गड़रिया, 4. प्रभु गिरधर नागर, 5. तुलसीदास।

**प्रश्न 6.** इण्डियन प्रेस में काम करते हुए द्विवेदी जी ने कौन-सी पुस्तक लिखी ?

*अथवा,* किसान को ब्रह्मा के समान क्यों माना है ?

**प्रश्न 7.** दीर्घ जीवन के मुख्य सूत्र क्या हैं ?

*अथवा,* समय के सम्बन्ध में अंग्रेजी की मशहूर कहावत कौन-सी है ?

**प्रश्न 8.** कहानी के प्रमुख तत्व कितने हैं ? नाम लिखिए।

*अथवा,* बाबू गुलाब राय जी के मतानुसार निबंध की परिभाषा लिखिए।

**प्रश्न 9.** 'संस्मरण' का शाब्दिक अर्थ लिखते हुए दो संस्मरण लेखकों के नाम लिखिए।

*अथवा,* रिपोर्ताज किस भाषा का शब्द है ? इस विधा के दो लेखकों के नाम लिखिए।

**प्रश्न 10.** निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए—

आकाश, अग्नि।

*अथवा,* निम्नलिखित शब्दों के तत्सम रूप लिखिए—

सूखा, सच।

**प्रश्न 11.** निम्नलिखित का सन्धि-विच्छेद कर सन्धि का नाम लिखिए—

देवालय, अतएव।

*अथवा,* निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए—

आस्तिक, अनुकूल।

**प्रश्न 12.** निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक-एक शब्द लिखिए—

(i) जिसकी तुलना न की जा सके।

(ii) जो मीठी वाणी बोलता हो।

*अथवा,* निम्नलिखित विग्रहों के समस्त पद बनाइये तथा समास का नाम लिखिए—

दही में डूबा हुआ बड़ा, नवग्रहों का समूह।

**प्रश्न 13.** निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए—

(i) आँखों का तारा MPBOARDONLINE.COM

(ii) एक और एक ग्यारह होना।

*अथवा,* कोई दो लोकोक्तियाँ लिखिए।

**प्रश्न 14.** निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए—

(i) बादल काले-काले छाए हैं।

(ii) राम, लक्ष्मण और सीता जंगल को गईं।

*अथवा,* निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तित कीजिए—

(i) क्या तुम विद्यालय जाओगे ? ( आज्ञावाचक )

(ii) मोहन आज दिल्ली जाएगा। ( प्रश्नवाचक )

**प्रश्न 15.** द्विगु समास की परिभाषा लिखते हुए दो उदाहरण लिखिए।

*अथवा,* सन्धि की परिभाषा लिखते हुए स्वर सन्धि के दो उदाहरण दीजिए।

**प्रश्न 16.** 'कर्मवीर' कविता से आपको क्या प्रेरणा मिलती है ?

*अथवा,* कवि रामनरेश त्रिपाठी ने भारत के प्राकृतिक सौन्दर्य को स्वर्ग के सदृश्य क्यों कहा है ?

MPBOARDONLINE.COM

MPBOARDONLINE.COM

प्रश्न 17. वर्षा की प्रतीक्षा सभी प्राणियों को क्यों रहती है ?

*अथवा,* कवि दुष्यंत कुमार को दुःख में भी आशा की किरण कहाँ-कहाँ दिखाई दे रही है ?

प्रश्न 18. शबरी ने श्रीराम-लक्ष्मण का सत्कार कैसे किया ?

*अथवा,* विषधरों को कीलने के लिए कवि कौन-सी युक्ति सुझाता है ?

प्रश्न 19. बंग-भंग आन्दोलन का अरविन्द पर क्या प्रभाव पड़ा ?

*अथवा,* धन और यौवन को क्षणभंगुर क्यों कहा गया है ?

प्रश्न 20. कश्मीर प्रत्येक भारतीय को क्यों लुभाता है ?

*अथवा,* टिहरी शहर में आपाधापी क्यों मची थी ?

प्रश्न 21. समय न मिलने का बहाना कैसे लोग करते हैं ?

*अथवा,* तनाव के कारण कौन-कौन से रोग उत्पन्न होते हैं ?

प्रश्न 22. 'पायो नाम चारु चिंतामनि' से कवि का क्या आशय है ?

*अथवा,* जमाने के चलन को सुधारने के लिए कवि दिवाकर वर्मा की युवाओं से क्या अपेक्षाएँ हैं ?

प्रश्न 23. 'सूखी डाली' एकांकी का केन्द्रीय भाव लिखिए।

*अथवा,* अशोक ने कौन-सी प्रतिज्ञा की ?

प्रश्न 24. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए—

"पायो जी मैं तो राम रतन धन पायो।
वस्तु अमोलक दी मेरे सतगुरु, करि किरपा अपनायौ।
जनम-जनम की पूँजी पाई, जग में सबै खोवायौ।
खरचैं नहि कोई चोर न लेवे, दिन-दिन बढ़त सवायौ।"

*अथवा,* "बादल टूटे बरसा जीवन,
भींगा मरुथल, महका मधुवन,
पेड़ों की छाँह हुई गहरी,
इसका साथी दिन का प्रहरी।"

MPBOARDONLINE.COM

प्रश्न 25. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

"भारत विविधताओं वाला देश है। यहाँ अनेक धर्म, भाषाएँ, परम्पराएँ पायी जाती हैं। फिर भी भारत की विशेषता अनेकता में एकता है। भारत में ऐतिहासिक एकता है। कश्मीर से केरल तक भारत का इतिहास एक है। प्राचीन काल से ही संस्कृत भाषा ने राष्ट्रीयता को मजबूत किया है। भारत में सभी धर्म के मानने वाले परस्पर प्रेमभाव से रहते हैं। देश में खान-पान, रहन-सहन, भाषा की विविधताओं के बावजूद राष्ट्रीयता की भावना दिखाई देती है। राजनीतिक दृष्टि से भी भारत एक है और एक रहेगा।"

प्रश्न— ( क ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

( ख ) गद्यांश का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।

( ग ) भारत की मुख्य विशेषता क्या है ?

( घ ) अनेकता तथा मजबूत के विलोम शब्द लिखिए।

प्रश्न 26. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

"फैली खेतों में दूर तलक,
मखमल-सी कोमल हरियाली
लिपटी जिससे रवि की किरणें
चाँदी की-सी उजली जाली।"

प्रश्न— ( क ) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।

( ख ) कवि ने हरियाली को किसके समान बताया है ?

( ग ) सूर्य की किरणों की चमक किसके समान है ?

( घ ) उपर्युक्त पद्यांश का भावार्थ लिखिए।

MPBOARDONLINE.COM

प्रश्न 27. निर्धन छात्र-निधि से सहायता हेतु अपने विद्यालय के प्राचार्य को प्रार्थना-पत्र लिखिए।

*अथवा,* अपने मित्र को एक पत्र लिखिए जिसमें पर्वतीय प्रदेश की यात्रा का वर्णन हो।

प्रश्न 28. ( अ ) निम्नलिखित निबन्ध विषयों में से किसी एक विषय पर सारगर्भित निबन्ध 200 शब्दों में लिखिए—

( ब ) शेष विषयों में से किसी एक की बिन्दुवार रूपरेखा 50 शब्दों में लिखिए—

(1) वृक्षारोपण,

(2) हमारा मध्य प्रदेश,

(3) मेरा प्रिय खेल— क्रिकेट,

(4) प्रदूषण की समस्या,

(5) जल है तो कल है।

MPBOARDONLINE.COM

अगर आपको इन पेपर्स से मदद मिले तो कृपया आपका पेपर मुझे ईमेल करे जिस से आपके जूनियर्स को मैं पेपर्स उपलब्द करा सकू आपका मोबाइल रिचार्ज भी करेंगे

ईमेल ma9300930012@gmail.com

or whatsapp 9300930012.